**INDIAN SCHOOL SOHAR**
**PERIODIC TEST-1 (2023-24)**
**HINDI (COURSE-B)**
**SUBJECT CODE-085**

**No. of printed pages: 2**
**SET-1**

**CLASS: X** **MAX. MARKS:20**
**DATE: 18/05/2023** **TIME: 40 MINUTES**

---

**सामान्य निर्देश :**

*** इस प्रश्न-पत्र में कुल दो खंड हैं – खंड 'क' और 'ख' ।**
*** कुल प्रश्नों की संख्या आठ है ।**
*** दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**
*** प्रत्येक प्रश्न को ध्यानपूर्वक पढ़ते हुए यथासंभव क्रमानुसार उत्तर लिखिए।**

---

## खंड-क

## (वस्तुपरक प्रश्न)

प्रश्न-1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर उचित विकल्प चुनकर दीजिए –

एक संध्या समय, हॉस्टल से दूर मैं एक कनकौआ लूटने बेतहाशा दौड़ा जा रहा था। आँखें आसमान की ओर थीं और मन उस आकाशगामी पथिक की ओर, जो मंद गति से झूमता पतन की ओर चला आ रहा था, मानो कोई आत्मा स्वर्ग से निकलकर विरक्त मन से नए संस्कार ग्रहण करने जा रही हो। बालकों की पूरी सेना लग्गे और झाड़दार बाँस लिए इनका स्वागत करने को दौड़ी आ रही थी। किसी को अपने आगे-पीछे की खबर नहीं थी। सभी मानो उस पतंग के साथ ही आकाश में उड़ रहे थे, जहाँ सब कुछ समतल है, न मोटरकारें हैं, न ट्राम, न गाड़ियाँ।

(i) गद्यांश में बालकों की पूरी सेना का मुख्य उद्देश्य क्या था ? **1**

(क) पतंग उड़ाना।
(ग) लग्गे और झाड़दार बाँस एकत्र करना।
(ख) कटी पतंग को लूटना।
(घ) आसमान की ओर देखते हुए पतंग काटना।

(ii) 'आकाशगामी पथिक' द्वारा लेखक किसकी ओर संकेत कर रहा है ? **1**

(क) गगन की ओर
(ग) पतंग की ओर
(ख) पक्षी की ओर
(घ) डूबते सूर्य की ओर

(iii) निम्न कथन (A) और कारण (R)को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर लिखिए- **1**

कथन (A) - किसी को अपने आगे-पीछे की खबर नहीं थी।
कारण (R) - बालकों की पूरी सेना कनकौआ उड़ाने के लिए दौड़ी आ रही थी।

विकल्प

(क) कथन (A) सही है और कारण (R) गलत है।
(ख) कथन (A) गलत है और कारण (R) सही है ।
(ग) कथन (A) और कारण (R) दोनों गलत हैं ।
(घ) दोनों सही हैं और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

प्रश्न-2. 'बड़े भाई साहब' पाठ में बड़ा भाई अपनी आदर्श स्थिति को बनाए रखता है। इसका क्या परिणाम होता है ? **1**

(क) छोटे भाई की निराशा दूर होती है।
(ग) बड़े भाई का बचपना तिरोहित हो जाता है।
(ख) बड़ा भाई अध्ययनशील बन जाता है।
(घ) बड़ा भाई बुनियाद पुख्ता करता है।

प्रश्न-3. 'साखी' पाठ में 'जागना' और 'सोना' किस प्रतीकार्थ में प्रयोग किए गए हैं ? **1**

(क) रोने और खाने के
(ग) सुख और दुख के
(ख) ज्ञान और अज्ञान के
(घ) अमीर और गरीब के

प्रश्न-4. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर उचित विकल्प छाँटकर लिखिए - **3**

(i) 'पहाड़ पर पर्वतारोही ने चढ़ाई की।' वाक्य में रेखांकित के लिए पदबंध का कौन-सा भेद होगा ?

(क) क्रियाविशेषण पदबंध (ग) सर्वनाम पदबंध

(ख) विशेषण पदबंध (घ) संज्ञा पदबंध

(ii) 'ईमानदार और सच्चे व्यक्ति सदैव सफल होते हैं।' रेखांकित के लिए पदबंध का भेद होगा-

(क) संज्ञा पदबंध (ग) सर्वनाम पदबंध

(ख) विशेषण पदबंध (घ) क्रिया पदबंध

(iii) 'बड़े भाई साहब सुबह से शाम तक पढ़ते रहते थे।' वाक्य में क्रियाविशेषण पदबंध के लिए सही विकल्प क्या होगा ?

(क) बड़े भाई साहब (ग) सुबह से शाम तक

(ख) पढ़ते रहते थे (घ) बड़े भाई

(iv) 'बालक तरणताल में तैर रहा है।' रेखांकित के लिए पदबंध का कौन-सा भेद होगा ?

(क) संज्ञा पदबंध (ग) क्रियाविशेषण पदबंध

(ख) विशेषण पदबंध (घ) क्रिया पदबंध

प्रश्न-5. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर उचित विकल्प छाँटकर लिखिए - **2**

(i) 'नरेंद्र पर ज़िम्मेदारी आई तो उसे वास्तविकता का पता चला।' रेखांकित के लिए उपयुक्त मुहावरा क्या होगा ?

(क) आटे-दाल का भाव मालूम होना (ग) दीन-दुनिया से जाना

(ख) रंग दिखाना (घ) अंधे के हाथ बटेर लगना

(ii) 'मेडिकल की परीक्षा पास करना कोई ……………नहीं है।' रिक्त स्थान के लिए उपयुक्त विकल्प क्या होगा ?

(क) छोटा मुँह बड़ी बात (ग) तीर मार लेना

(ख) खून जलाना (घ) हँसी-खेल

(iii) 'दाँतों पसीना आना' मुहावरे का अर्थ क्या होगा ?

(क) अत्यधिक प्रसन्न होना। (ग) बहुत दुखी होना।

(ख) अत्यधिक परेशानी होना। (घ) असंभव कार्य पूर्ण होना।

## खंड-ख

## (वर्णनात्मक प्रश्न)

प्रश्न-6. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए - **3**

(i) 'बड़े भाई साहब' पाठ में बड़े भाई साहब ने सफल खिलाड़ी किसे कहा है और किस संदर्भ में कहा है ? स्पष्ट कीजिए।

(ii) 'बड़े भाई साहब' पाठ के आधार पर छोटे भाई की चारित्रिक विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

प्रश्न-7. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए - **3**

(i) 'साखी' पाठ की प्रथम साखी के आधार पर बताइए कि कवि कबीरदास जी मानव के लिए किस जीवन-मूल्य को आवश्यक समझते हैं और क्यों ?

(ii) कबीरदास जी ने अपने दोहे में 'मृग' का उदाहरण किस संदर्भ में दिया है ? स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न-8. आप गाँव के प्रधान हैं। आपके गाँव में एक स्वयंसेवी संस्था द्वारा 'नेत्र शिविर' का आयोजन किया जा रहा है। इसकी विस्तृत जानकारी देते हुए लगभग 60 शब्दों में एक सूचना जारी कीजिए। **4**

अथवा

आपका नाम रंजन / रंजना है। आप विद्यालय संघ के सचिव हैं। विद्यालय में होने वाली 'निबंध लेखन' प्रतियोगिता की जानकारी देते हुए लगभग 60 शब्दों में सूचना जारी कीजिए।

**INDIAN SCHOOL SOHAR**
**PERIODIC TEST-1 (2023-24)**
**HINDI (COURSE-B)**
**SUBJECT CODE-085**

**No. of printed pages: 2**
**SET-2**

**CLASS: X** **MAX. MARKS:20**
**DATE: 18/05/2023** **TIME: 40 MINUTES**

---

**सामान्य निर्देश :**

*** इस प्रश्न-पत्र में कुल दो खंड हैं – खंड 'क' और 'ख' ।**
*** कुल प्रश्नों की संख्या आठ है ।**
*** दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।**
*** प्रत्येक प्रश्न को ध्यानपूर्वक पढ़ते हुए यथासंभव क्रमानुसार उत्तर लिखिए ।**

---

## खंड-क
## (वस्तुपरक प्रश्न)

प्रश्न-1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर उचित विकल्प चुनकर दीजिए –

मेरे भाई साहब मुझसे पाँच साल बड़े, लेकिन केवल तीन दरजे आगे । उन्होंने भी उसी उम्र में पढ़ना शुरू किया था, जब मैंने शुरू किया लेकिन तालीम जैसे महत्त्व के मामले में वह जल्दबाज़ी से काम लेना पसंद नहीं करते थे । इस भवन की बुनियाद बहुत मज़बूत डालना चाहते थे, जिस पर आलीशान महल बन सके । एक साल का काम दो साल में करते थे । कभी-कभी तीन साल भी लग जाते थे । बुनियाद ही पुख्ता न हो तो मकान कैसे पायेदार बने ।

(i) गद्यांश की भाषा-शैली किस प्रकार की है ? **1**

(क) व्यंग्यात्मक
(ख) चित्रात्मक
(ग) उर्दू शब्दों का अधिक प्रयोग
(घ) विकल्प (क) और (ग)

(ii) 'बुनियाद ही पुख्ता न हो तो मकान कैसे पायेदार बने ।' पंक्ति में 'बुनियाद' शब्द से क्या तात्पर्य है ? **1**

(क) जीवन रूपी बुनियाद
(ख) शिक्षा रूपी बुनियाद
(ग) भवन की बुनियाद
(घ) कर्म रूपी बुनियाद

(iii) निम्न कथन (A) और कारण (R)को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर लिखिए- **1**

कथन (A) – बड़े भाई साहब तालीम जैसे महत्त्व के मामले में जल्दबाज़ी से काम लेना पसंद नहीं करते थे ।
कारण (R) – वे एक कक्षा को दो साल में और कभी-कभी तीन साल में उत्तीर्ण किया करते थे ।

विकल्प
(क) कथन (A) सही है और कारण (R) गलत है ।
(ख) कथन (A) गलत है और कारण (R) सही है ।
(ग) कथन (A) और कारण (R) दोनों गलत हैं ।
(घ) दोनों सही हैं और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है ।

प्रश्न-2. 'बड़े भाई साहब' पाठ में बड़े भाई का बचपना तिरोहित क्यों हो जाता है ? **1**

(क) बड़ा भाई अपनी आदर्श स्थिति को बनाए रखता है ।
(ख) छोटा भाई अव्वल आता है ।
(ग) भाई अध्ययनशील होता है ।
(घ) भाई सदैव उपदेश देता है ।

प्रश्न-3. 'मन का आपा खोइ' से कवि का क्या तात्पर्य है ? **1**

(क) निंदा का त्याग
(ख) सुखों का त्याग
(ग) अहंकार का त्याग
(घ) ईर्ष्या-द्वेष का त्याग

प्रश्न-4. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर उचित विकल्प छाँटकर लिखिए - **3**

(i) 'आज घर पर अतिथि आ रहे हैं।' वाक्य में रेखांकित के लिए पदबंध का कौन-सा भेद होगा ?

(क) संज्ञा पदबंध
(ख) विशेषण पदबंध
(ग) क्रियाविशेषण पदबंध
(घ) क्रिया पदबंध

(ii) 'सबसे तेज दौड़ने वाला वह धावक मैदान में दौड़ रहा है।' वाक्य में संज्ञा पदबंध के लिए सही विकल्प क्या होगा ?

(क) सबसे तेज़ दौड़ने वाला
(ख) सबसे तेज़ दौड़ने वाला वह धावक
(ग) सबसे तेज़ दौड़ने वाला वह
(घ) दौड़ रहा है

(iii) 'छात्र आराम से बैठकर बातें कर रहे थे।' वाक्य में रेखांकित के लिए पदबंध का कौन-सा भेद होगा?

(क) संज्ञा पदबंध
(ख) विशेषण पदबंध
(ग) क्रियाविशेषण पदबंध
(घ) क्रिया पदबंध

(iv) 'सबसे ताकतवर और समझदार बालक यही है।' रेखांकित के लिए पदबंध का कौन-सा भेद होगा ?

(क) संज्ञा पदबंध
(ख) विशेषण पदबंध
(ग) सर्वनाम पदबंध
(घ) क्रियाविशेषण पदबंध

प्रश्न-5. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर उचित विकल्प छाँटकर लिखिए - **2**

(i) ''मेडिकल की परीक्षा पास करना कोई आसान काम नहीं है।' रेखांकित के लिए उपयुक्त मुहावरा क्या होगा ?

(क) छोटा मुँह बड़ी बात
(ख) खून जलाना
(ग) तीर मार लेना
(घ) हँसी-खेल

(ii) 'सुरेंद्र पर ज़िम्मेदारी आई तो उसे ....................।' रिक्त स्थान के लिए उपयुक्त विकल्प क्या होगा ?

(क) आटे-दाल का भाव मालूम हुआ
(ख) रंग दिखाया
(ग) दीन-दुनिया से गया
(घ) अंधे के हाथ बटेर लगी

(iii) 'प्राण सूखना' मुहावरे का अर्थ क्या होगा ?

(क) अत्यधिक प्रसन्न होना।
(ख) अत्यधिक डर जाना।
(ग) बहुत दुखी होना।
(घ) आश्चर्यचकित होना।

## खंड-ख

## (वर्णनात्मक प्रश्न)

प्रश्न-6. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए - **3**

(i) 'बड़े भाई साहब' पाठ के आधार पर छोटे भाई की चारित्रिक विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

(ii) 'बड़े भाई साहब' पाठ में 'घोंघा' किसे और किस संदर्भ में कहा गया है ? स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न-7. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए - **3**

(i) कवि कबीरदास जी द्वारा रचित साखियाँ आज किस प्रकार प्रासंगिक हैं ? स्पष्ट कीजिए।

(ii) कबीरदास जी ने संसार को 'सुखिया' और स्वयं को 'दुखिया' क्यों कहा है ? साखी की आधार पर लिखिए।

प्रश्न-8.आप वैशाली नगर, जयपुर में रहते हैं। आपके क्षेत्र में सरकारी चिकित्सालय द्वारा 'रक्तदान शिविर' का आयोजन किया जा रहा है। इसकी विस्तृत जानकारी देते हुए लगभग 60 शब्दों में एक सूचना जारी कीजिए। **4**

अथवा

आपका नाम सुरेश / सुनिधि है। आप हिंदी विभाग के अध्यक्ष हैं। विद्यालय में होने वाली 'हिंदी-प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता' की जानकारी देते हुए लगभग 60 शब्दों में सूचना जारी कीजिए।